**सारण शिक्षक निर्वाचन के लिए तैयारी पूरी**

## 49 मतदाता करेंगे मतदान

**चिरैया ( आससे )।** सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर चिरैया अंचल कार्यालय परिसर स्थित मतदान केंद्र संख्या- 26 पर शुक्रवार को मतदान होगा। इसके लिए प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। केंद्र पर कुल 49 शिक्षक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 43 पुरुष और छह महिलाएं शामिल हैं। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक चलेगा। मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सुविधा और निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रशासन शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने को लेकर तैयार है। मतदान केंद्र पर कुल मतदाताओं की संख्या कम होने के बावजूद निर्वाचन संबंधी सभी नियमों का पालन किया जाएगा। प्रशासन की प्राथमिकता है कि मतदान निर्धारित समय के भीतर व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो तथा मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### कोटवा में 63 शिक्षक आज करेंगे मतदान

**कोटवा ( आससे )।** सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र संख्या 03 के मतदान केंद्र कोटवा अंचल कार्यालय परिसर स्थित संख्या 23 पर पर शुक्रवार को 63 शिक्षक मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे।प्रखंड निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान सुबह 8 बजे से दो पहर बाद 4 बजे तक चलेगा। 63 मतदाताओं में 16 महिला और 47 पुरुष शिक्षक मतदाता वोट करेंगे।

### प्रशासन की देखरेख में मां दुर्गा की हुई विसर्जन

**आदापुर ( पूर्वी चम्पारण )।** प्रत्येक साल की भांति इस साल भी बड़ी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनायी गई, श्यामपुर बाजार के राम-जानकी मंदिर के प्रांगण में कमी दशकों से मां दुर्गा की पूजा अर्चना होती आ रही है, प्रखंड के सूदूर इलाकों से पुरूष महिलाएं बच्चे लाखों की संख्या में पहुंचेते है, गुरु वार के दिन थाना प्रभारी रूपम कुमारी के नेतृत्व में पुरी प्रशासनिक व्यवस्था के बीच श्यामपुर बाजार के विभिन्न चौक चौराहों होकर दुर्गा प्रतिमा को घुमाया गया, जहां अबीर गुलाल के बीच माता की जयकारें लग रही थी, पूजा समिति के सदस्यों में बीर बहादुर प्रसाद,भोला पटेल,कुणाल कुमार पटेल, सन्नी पटेल,मोनू कुमार, दिनेश कुमार पंडित,विवेक कुमार ठाकुर,छोटू कुमार, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## जमीन विवाद में युवक की संदिग्ध मौत

**● नौ लाख लौटने के बाद दो लाख छीनने का आरोप ● 12 लाख के सोने और पांच लाख नकद गायब**

**मोतिहारी ( आससे )।** शहर के बेलवनवा मोहल्ले में किराये के मकान में रह रहे 31 वर्षीय युवक सुशांक कुमार साह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुधवार, 21 अक्टूबर की रात करीब 11ः04 बजे उसका शव मकान में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की मां अनीता देवी ने इस मामले में अपनी बहू, समधी-समधन समेत छह नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने जमीन की खरीद-बिक्री के रुपये को लेकर विवाद, प्रताड़ना, मारपीट और घर से नकदी व सोना गायब होने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। मृतक की मां ने नगर थाने में आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। अनीता देवी के अनुसार, उनके पुत्र सुशांक कुमार साह की शादी खुशबू कुमारी से हुई थी। दंपती के एक बेटा और एक बेटी हैं। सुशांक अपनी पत्नी और दोनों बच्चों के साथ मोतिहारी शहर के बेलवनवा मोहल्ले में किराये के मकान में रहता था। मां का आरोप है कि शादी के कुछ वर्षों बाद से ही ससुराल पक्ष के लोगों के साथ रुपये और अन्य मामलों को लेकर विवाद चल रहा था। इसी क्रम में सुशांक को कथित तौर पर प्रताड़ित किया जाता था। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि दबाव बनाकर दो जमीन के बैनामा दस्तावेज बहू खुशबू कुमारी के नाम पर निबंधित कराए गए थे। जमीन से जुड़े लेन-देन और रुपये के बंटवारे को लेकर विवाद लगातार बढ़ रहा था। मां का दावा है कि इसी विवाद के कारण उनके पुत्र पर दबाव बनाया जा रहा था।

**बिहार सरकार**

**निर्वाचन विभाग**
**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय**
**7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015**

**बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए मतदान के दिन मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्वाचकों को विशेष आकस्मिक अवकाश देने से संबंधित अत्यावश्यक सूचना**

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर मतदान दिनांक 23.10.2026 (शुक्रवार) को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 322/AP-LC/2010-CC&BE/720 दिनांक 23.12.2010 के आलोक में मतदान की तिथि 23.10.2026 (शुक्रवार) को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचकों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश देय है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014020 (Election) 2026-27

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
बिहार

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

### छुट्टी उपरांत महाविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां शुरू

**मोतिहारी ( पूर्वी चम्पारण )।** दुर्गापूजा के छुट्टी के उपरांत एल एन डी महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ हो गई। हालांकि, छुट्टी उपरांत प्रथम दिन होने के। कारण महाविद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम रही। महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ प्रभाकर कुमार ने बताया कि गुरुवार को महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का आंतरिक मूल्यांकन आयोजित की गई। वही महाविद्यालय परीक्षा विभाग के द्वारा आगामी 26 अक्टूबर से आयोजित होने वाली स्नातक सत्र 2026 2030 के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन की तैयारी की जा रही है।

## गायघाट चौक पर अधेड़ की संदिग्ध मौत

**परिजनों ने लगाया गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप**

**हरसिद्धि ( आससे )।** थाना क्षेत्र के उज्जैनलोहियार निवासी एक अधेड़ की बुधवार शाम गायघाट चौक पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान ढोढ़ाई साहनी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर हरसिद्धि पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के पुत्र विजय साहनी ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया है कि गलत इंजेक्शन लगाए जाने के कारण उनके पिता की मौत हुई है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। बताया जाता है कि ढोढ़ाई साहनी टेम्पो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वे अपने ससुराल में रहकर जीवन-यापन कर रहे थे। बुधवार को भी वे टेम्पो लेकर निकले थे। हार्डवेयर व्यवसायी अवधेश सिंह ने बताया कि ढोढ़ाई साहनी से उनकी मुलाकात हुई थी। उन्होंने टेम्पो से चिरान से लकड़ी गिराने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद गायघाट चौक पर उनकी मौत की खबर मिली। मौत की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव के पास कुछ देर तक रुदन-क्रंदन करते रहे। परिजन घटना को लेकर आक्रोशित थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ढोढ़ाई साहनी के परिचितों ने बताया कि वे हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी अचानक मौत से परिवार के साथ-साथ परिचितों में भी शोक है। हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर मामले में अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। वहीं, स्थानीय स्तर पर हार्ट अटैक से मौत होने की भी चर्चा है।

### कोटवा सीएचसी में सिविल सर्जन का औचक निरीक्षण, प्रभारी का वेतन कटा

**कोटवा ( आससे )।** कोटवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को सिविल सर्जन के औचक निरीक्षण से अस्पताल में हड़कंप मच गया। सुबह करीब 10 बजे अस्पताल पहुंचे सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं, कर्मियों की उपस्थिति और दवाइयों के रखरखाव का जायजा लिया। इस दौरान अस्पताल के प्रभारी डॉ. सचिन कुमार, बीसीएम मनीष कुमार शर्मा समेत कई कर्मी अनुपस्थित मिले।इसे गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन ने मौके पर ही अनुपस्थित कर्मियों की हाजिरी काट दी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में दवाइयों को इधर-उधर और अव्यवस्थित तरीके से रखे जाने पर भी सिविल सर्जन ने नाराजगी जताई। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए दवाइयों को व्यवस्थित रखने तथा स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. सचिन कुमार के अनुपस्थित रहने की शिकायत पहले भी सामने आ चुकी है। इस मामले में पूर्व में उनका वेतन रोकने की कार्रवाई की गई थी।

बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, शिवहर**
**E-mail id- ee.sheohar.bcd1@gmail.com**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–05/2026–27**
**प्रथम शुद्धि–पत्र 2026–27**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–1000(अनु०) दिनांक– 10.10.2026 के द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05/2026–27 जिसका पी० आर० सं० 013559(BCD)2026–27 है, जो दैनिक समाचार पत्र –हिन्दुस्तान में दिनांक–16.10.2026 को प्रकाशित हुआ है। जिसमें सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक प्र०–06/द०वि० नियम–03–08/06 (अंश)–7461(S) /पटना, दिनांक–13.10.2026 एवं अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–भवन/12–अभि०प्र० (यो०)–02–विविध–11/2026 9803(भ) पटना, दिनांक–15.10.2026 के आलोक में **परिमाण विपत्र से 10 % (दस) प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाली निविदाएँ अमान्य मानी जाएगी।** पूर्व में उल्लेखित निविदा के कंडिका–24 में संशोधित किया जाता है, जिसे निम्नरूपेण पढ़ा/समझा जाय हैः–

1. परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।
2. परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, शिवहर

PR. No. 014074 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## लायंस क्लब ने मनाया डांडिया उत्सव

**रक्सौल( संसू )।** लायंस क्लब ऑफ रक्सौल ने अपने 25वें वर्ष अर्थात् रजत जयंती वर्ष में पहली बार नारी शक्ति के सशक्त नेतृत्व में भव्य डांडिया उत्सव का आयोजन किया। मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026 को एस.ए.वी. स्कूल परिसर में आयोजित यह उत्सव उत्साह, उमंग, संगीत और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा।यह आयोजन क्लब के इतिहास में एक विशेष उपलब्धि के रूप में याद किया जाएगा। नारी शक्ति के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम ने महिला सशक्तीकरण, सामाजिक एकता, संगठनात्मक एकजुटता और सांस्कृतिक विरासत का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसआरपी अस्पताल के डॉ. सुजीत कुमार उपस्थित रहे। वहीं, विशेष अतिथि के रूप में नगर की कार्यवाहक सभापति श्रीमती पुष्पा देवी और क्लब की अध्यक्ष प्रियंका सोनी, सचिव सीमा बरनवाल ,कोषाध्यक्ष भावना चौहान ने द्य सम्मलित रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रायोजकः एस.ए.वी स्कूल के प्राचार्य साइमन रेक्स एवं उनकी टीम सह-प्रायोजक थाइवे माई राइस मिल, सह-प्रायोजक लगन साड़ी शोरूम एवं सह-प्रायोजक यामाहा शो रूम कृष ट्रेड्स रहे। मंच संचालन की जिम्मेदारी प्रो. (डॉ.) रजनीश कुमार गुप्ता विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग सह महाविद्यालय विकास परिषद सी सी डी सी बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर,एवं क्लब की वर्तमान सचिव सीमा बरनवाल ने सफल और प्रभावी संचालन किया। कहा गया कि क्लब के रजत जयंती वर्ष में महिला नेतृत्व के अंतर्गत इस भव्य आयोजन का होना अपने आप में गौरवपूर्ण रहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट कपलः आकाश एवं अनामिका बेस्ट कपल (द्वितीय) आदित्य एवं अंजली, बेस्ट मेल डांडिया प्लेयरः प्रिंस कुमार बेस्ट फीमेल डांडिया प्लेयरः आराध्या



वरनवाल बेस्ट कॉस्ट्यूम अनुराधा, किड्स कैटेगरी (फीमेल) अगम्या कुमारी रही। लकी ड्रॉ भी कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। लक्की ड्रॉ का प्रथम पुरस्कारः आन्या कुमारी को विंडर मिक्सर ग्राइंडर मशीन भेट स्वरूप दिया गया। द्वितीय पुरस्कारः कृष्ण प्रसाद यादव को दिया गया। इस भव्य आयोजन की सफलता के पीछे लायंस क्लब के विभिन्न सदस्यों में प्रमुख रूप से शामिल रहे, जिनमें लायन नूतन चौरसिया, लायन ममता गुप्ता , लायन पूनम गुप्ता, लायन रेणु रुंगटा, लायन गीता कुशवाहा, लायन मधु गुप्ता, लायन रितन देवी एवं लायन पूनम सर्राफ, लायन नीलम हिसारिया, लायन सरिता खत्री, लायन दीपा कुमारी, लायन विनीता रंजन, सीमा गुप्ता, लायन स्वाति सिंह, लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया, लायन गणेश धनोठिया, लायन राजू कुमार गुप्ता, लायन बिमल सर्राफ, लायन डॉ. प्रदीप कुमार, लायन पंकज बरनवाल, राजन कुमार , डॉ. एस.के सिंह, लायन नारायण रुंगटा, लायन हेमंत अग्रवाल, लायन आमोद कुमार, लायन राजीव रंजन, लायन रमेश कुमार लायन बसंत जलान, प्रदीप अग्रवाल, डॉक्टर राजीव रंजन, दिनेश धनोठिया, गणेश अग्रवाल, डॉ. प्रदीप कुमार, बिमल सर्राफ, अजय हिसारिया, अमित कुमार इनके अतिरिक्त क्लब के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। लायंस क्लब ऑफ रक्सौल का यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत, सामूहिक सहभागिता और महिला नेतृत्व की शक्ति को भी प्रदर्शित किया।रजत जयंती वर्ष में आयोजित यह डांडिया उत्सव इस संदेश के साथ यादगार बना कि जब सभी सदस्य एकजुट होकर कार्य करते है तो बुलंदियों की नई ऊंचाई को छूते हैं। लायंस क्लब ऑफ रक्सौल ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए रक्सौल की जनता के साथ साथ मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि, प्रायोजकों, क्लब के सभी सदस्यों एवं प्रतिभागियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी लायन पवन किशोर कुशवाहा ने दी।

### प्रभावती हत्याकांड के फरार तीन आरोपितों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**हरसिद्धि ( आससे )।** प्रभावती हत्याकांड में फरार चल रहे तीन आरोपितों के घर पर पुलिस ने गुरुवार को इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने दुगडुगी बजाकर ग्रामीणों की मौजूदगी में यह कार्रवाई की। सभी फरार आरोपित हरसिद्धि थाना क्षेत्र के भादा पंचायत अंतर्गत झड़वा गांव के रहने वाले हैं। आरोपितों में सुदीश साहनी, रूपांति देवी और प्रतिमा देवी शामिल हैं। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर फरार आरोपितों के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। निर्धारित समय में आरोपितों के हाजिर नहीं होने पर न्यायालय के आदेश से उनके घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।मालूम हो कि 17 जून 2023 की रात पुलिस ने झड़वा गांव निवासी अजित साहनी की पत्नी प्रभावती देवी का शव बरामद किया था। मृतका का शव गांव घर से ही बरामद हुआ था।उसके गले पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। घटना के बाद मामले की जांच शुरू की गई थी। मृतका की मां पन्नापुर बाजार निवासी सुरेंद्र सहनी की पत्नी उमा देवी ने ससुराल वालों पर दहेज में कार की मांग को लेकर प्रभावती की हत्या करने का आरोप लगाया था। उनका आरोप था कि ससुराल वालों ने गला रेतकर हत्या करने के बाद शव को फेंक दिया था। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की, लेकिन तीन आरोपित पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उनके घरों पर इश्तेहार चिपकाकर आगे की कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### एसएनएस महाविद्यालय में वेलकम रिफ्रेशर कार्यक्रम होंगे आयोजित

**मोतिहारी ( पूर्वी चम्पारण )।** श्री नारायण सिंह महाविद्यालय मोतिहारी में दुर्गा पूजा की छुट्टी के बाद गुरुवार को महाविद्यालय खुला । प्राचार्य डॉ बिनोद बैठा महाविद्यालय पहुचे एवम सभी कक्ष का निरीक्षण किया।

छुट्टी के बाद महाविद्यालय में आज छात्रों की संख्या थोड़ी कम दिखी, वहीं पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा नवीन छात्र छात्राओं के लिए एक स्वागत-सत्कार वेलकम रिफ्रेशर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।कार्यक्रम का आयोजन हेतु महाविद्यालय के ऑडिटोरियम को सजाया जा रहा है बता दे की शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । उक्त जानकारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. बिक्रम कुमार सिंह द्वारा दी गई है।

### जसौली पट्टी में खेत बचाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**कोटवा ( आससे )।** महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान,पिपराकोठी,मोतिहारी द्वारा कोटवा के जसौली पट्टी में 'खेत बचाव अभियान' के तहत प्रगतिशील किसानों के बीच एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक प्रबंधन और आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में गांव के लगभग 50 से 55 महिला एवं पुरुष किसानों की भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर रवींद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया वही सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने अतिथियों का अभिनन्दन कर गांव के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। किसानों को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. राघवेंद्र सिंह ने खेत की मिट्टी को बचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने किसानों को रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने तथा अकार्बनिक एवं जैविक खादों के समावेश से मिट्टी की उर्वरता शक्ति को बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय बताए। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. विजय सिंह मीना ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से मिट्टी का नमूना लेने की विधि समझाई तथा खेत में ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने रबी फसलों की उन्नत प्रजातियों के चयन और समय पर बुआई की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से धान की कटाई के तुरंत बाद जीरो-टिल मशीन के माध्यम से बिना जुताई किए सीधी बुआई करने की तकनीक समझाई, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है। डॉ. पंच किशोर भारती ने पशुपालन पर मार्गदर्शन करते हुए गाय, भैंस और बकरियों के उचित रखरखाव, स्वास्थ्य प्रबंधन एवं नस्ल सुधार के बारे में किसानों को जागरूक किया। डॉ. नवीन बी. पाटिल ने फसलों एवं पौधों में लगने वाले प्रमुख कीट-पतंगों और बीमारियों की पहचान तथा उनके समेकित नियंत्रण एवं बचाव के वैज्ञानिक तरीके साझा किए।

## भारत विकास परिषद की पहल को चार विद्यालयों ने सराहा, मेधावी हुये सम्मानित

**स्कूल बैग व शैक्षणिक सामग्री देकर बढ़ाया विद्यार्थियों का उत्साह**

**रक्सौल ( पूर्वी चंपारण )।** विद्यार्थियों में ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और भारतीय संस्कृति एवं गौरवशाली इतिहास से नई पीढ़ी को जोड़ने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद, शाखा रक्सौल ने 'भारत को जानो' प्रतियोगिता और शाखा स्तरीय प्रश्न मंच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उनके विद्यालयों में सम्मानित किया। इस दौरान बच्चों को स्कूल बैग, शैक्षणिक सामग्री और उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। परिषद की इस पहल की चार विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने सराहना की। 31 अगस्त को आयोजित अखिल भारतीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में एस.ए.वी. स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा समृद्धि श्रेया ने 50 में से 44 अंक प्राप्त कर नौ विद्यालयों के बीच रक्सौल में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं, कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल के अभिनव मिश्रा और मयंक कुमार ने वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग में लिखित परीक्षा और प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द चंद्रशील स्कूल के अंकित कुमार ने वरिष्ठ वर्ग की लिखित परीक्षा में प्रथम तथा प्रश्न मंच में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी तरह संत माइकल इंग्लिश स्कूल के सर्वेश साह ने कनिष्ठ वर्ग की लिखित परीक्षा में प्रथम और प्रश्न मंच में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परिषद के अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी ने कहा कि मेधावियों का सम्मान उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा देता है। संस्कार संयोजक नीतेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, संगठन सचिव अजय कुमार तथा सेवा संयोजक सह मीडिया प्रभारी बिमल कुमार सर्राफ ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में अध्ययनशीलता, आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव की भावना विकसित करती हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **संजय पुत्रः स्व. सोनेलाल साहनी पताः वार्ड 5 हरलोचनपुर थानाः सरायरंजन, समस्तीपुर, बिहार इसके अलावाः पी ब्लॉक 258, तीसरा रघुवीर नगर दिल्ली FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **संजय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित गुलिया
एएसजे–01 (पश्चिम) पीओसीएसओ
(एफटीएससी) कमरा नंबर 21
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14960/WD/2026
(Court Matter)

### लोकतंत्र के रक्षा के लिए हमें संगठित और शिक्षित होना होगा : सत्येंद्र

**कोटवा ( आससे )।** देश में लोकतंत्र की रक्षा हेतु हमें शिक्षित और संगठित होना आवश्यक है तथा इसके लिए हमारी जवाबदेही है कि हम अपने संगठन की स्थिति को मजबूत बनाएं।उक्त बातें भारत की कम्युनिस्ट पार्टी( मार्क्सवादी) कोटवा लोकल कमेटी के विस्तारित बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी नेताओं ने कहीं। माकपा नेताओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज देश विषम परिस्थिति से गुजर रही है और एनडीए नीत केंद्र एवं राज्य सरकार देश में महंगाई बेरोजगारी तथा चतुर्दिक समस्याओं से आम जनता को ग्रसित किए हुए हैं। इन तमाम सवालों पर हमें प्रत्येक गांव में जन संगठन को मजबूत बनाते हुए स्थानीय स्तर पर गोलबंदी भी आवश्यक है। इसके लिए नेताओं ने पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर प्रशिक्षित होने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। तत्पश्चात लोकल कमेटी के संचालन हेतु कामरेड यादव राम को कार्यवाहक मंत्री के पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया।

## जीविका के ग्राम संगठन नहीं है सुचारु

**रामगढ़वा ( आससे )।** एक और जहां सरकार जीविका महिला ग्राम संगठन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए तरह-तरह की योजनाओं तथा लाभ से प्रोत्साहित कर रही है. ताकि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर हो व उनका आर्थिक विकास हो सके. महिला स्वयं सहायता समूहों को सरकार द्वारा ऋण सहायता मिल रही है. इन ऋणों से महिलाएं, पशुपालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई, दुकान, दीदी की रसोई संचालन जैसी आय बढ़ाने वाली गतिविधियों में शामिल हो रही हैं. वही विगत एक वर्षो से प्रखंड अंतर्गत शिवनगर पंचायत के वार्ड संख्या 9 तथा 10 के दर्जनों महिला ग्राम संगठन जीविका बंद पड़ा हुआ है. इन ग्रामों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति परिवार के दर्जनो परिवार ऐसे हैं. जिनके पास अपना शौचालय नहीं है! इन ग्रामों के महिलाओं को स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित किसी प्रकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है. जीविका ग्राम संगठन की महिलाओं को आशंका है कि शायद ग्रुप में किसी प्रकार की वित्तीय गड़बड़ी हुई हो. महिलाओं ने उच्च अधिकारियों से इसकी जांच कर संगठन को पुन: संचालन की मांग की है. जीविका के सीएम काजल कुमारी ने कहा कि हमने कई माह पहले कार्य से मुक्ति के लिए जीविका के अधिकारी को आवेदन देकर जीविका का कार्य छोड़ दिया है. ग्राम संगठन के महिला सुमति देवी, तारा देवी,आदि महिलाओं ने कहा कि इसी ग्राम के कुछ समूह में जीविका का कार्य सुचारू रूप से संचालन हो रहा है।

**बिहार सरकार**

BSRDC

**उप महाप्रबंधक (तकनीकी) का कार्यालय**
**परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)**
**बिहार स्टेट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
''सभागार'' भवन BSRDCL, केन्द्रीय यांत्रिक कर्मशाला परिसर,
हवाई अड्डा के निकट, शेखपुरा, पटना–800014
**E-mail ID:-dgmpiusamastipur2@gmail.com**

पत्रांकः–**BSRDCL/PIU-Samastipur/2026-539**

**सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जन–निजी–भागीदारी अन्तर्गत रा० उ० प० सं०–31 में बख्तियारपुर से रा० उ० प० सं०–28 में ताजपुर को जोड़नेवाली गंगा नदी पर निर्माणाधीन 4–लेन पुल एवं पहुंच पथ परियोजना हेतु बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के तहत समस्तीपुर जिलान्तर्गत अंचल–पटोरी के (i) राजस्व थाना नं०–380, राजस्व ग्राम–जोड़पुरा में रकवा–6.0205 एकड़ (ii) राजस्व थाना नं०–354, राजस्व ग्राम–चकभेली नारायण में रकवा 0.19 एकड़ एवं अंचल–मोरवा के (i) राजस्व थाना नं०–117, राजस्व ग्राम–निकसपुर चादर नं०–1 में रकवा 0.09 एकड़, (ii) राजस्व थाना नं०–117, राजस्व ग्राम–निकसपुर चादर नं०–2 में रकवा 0.02 एकड़ (iii) राजस्व थाना नं०–340, राजस्व ग्राम–पचभिण्डा में रकवा 0.05 एकड़ (iv) राजस्व थाना नं०–369, राजस्व ग्राम–इन्द्रवारा में रकवा 0.035 एकड़ (v) राजस्व थाना नं०–351, राजस्व ग्राम–लोदीपुर नारायण में रकवा 0.075 एकड़ की रैयती भूमि चिन्हित की गई है जिसकी विवरणी निम्नवत हैः–

| क्रम सं० | मौजा का नाम/थाना नं० | अंचल | खाता सं० | खेसरा सं० | खतियानी रकवा (एकड़ में) | निर्माण हेतु कुल रकवा (एकड़ में) | किस्म | रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोड़पुरा, राजस्व थाना नं०–380 | पटोरी | 236 | 1514 | 0.90 | 0.741 | परती कदीम | अलकेश चौधरी पे0 स्व0 सहदेव चौधरी, नि० निज ग्राम। |
| 2 | | | 232 | 1513 | 1.84 | 1.0975 | परती कदीम | अरविन्द चौधरी पे0 स्व0 हरिलाल चौधरी, नि० निज ग्राम। |
| 3 | | | 198 | 1874 | | 0.372 | धनहर | कुशेश्वर राय पे0 स्व0 फेकु राय, नि० निज ग्राम। |
| 4 | | | 206 | 1869 | | 0.20 | मकान | कुशेश्वर राय पे0 स्व0 फेकु राय, नि० निज ग्राम। |
| 5 | | | 362 | 1856 | 4.50 | 1.80 | परती कदीम | ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे0 स्व0 अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे0 स्व0 नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे0 योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम। |
| 6 | जोड़पुरा, राजस्व थाना नं०–380 | पटोरी | 173 | 1856 / 2219 | 3.780 | 1.415 | परती कदीम | ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे0 स्व0 अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे0 स्व0 नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे0 योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम। |
| 7 | | | 173 | 1858 | 1.78 | 0.395 | परती कदीम | ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे0 स्व0 अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे0 स्व0 नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे0 योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम। |
| 8 | चकभेली नारायण, राजस्व थाना नं0–354 | | 36 | 622 | 0.40 | 0.19 | धनहर | सिताबलाल राय पे0 स्व0 देवन राय, नि० निज ग्राम। |
| 9 | निकसपुर चादर नं0–1, राजस्व थाना नं0–117 | मोरवा | | 1132 | 0.02 | 0.02 | भीठ | राम सुरेश शर्मा वो राम शोभित शर्मा पिता आनन्दी ठाकुर, नि० निज ग्राम। |
| 10 | | | 142 | 2266 | | 0.07 | भीठ | नन्द कुमार ठाकुर पे० महेन्द्र ठाकुर, नि० निज ग्राम। |
| 11 | निकसपुर चादर नं0–2, राजस्व थाना नं0–117 | | 347 | 2670 | | 0.02 | भीठ | माल्हो देवी पति स्व0 देवेन्द्र राय, नि० निज ग्राम। |
| 12 | पचभिण्डा, राजस्व थाना नं0–340 | | | 1206 | | 0.05 | | उर्मिला देवी पति स्व0 बासुदेव सिंह, नि० निज ग्राम। |
| 13 | इन्द्रवारा, राजस्व थाना नं0–369 | | | 1951 | | 0.035 | | मखन राय पिता स्व0 रघुनी राय, नि० निज ग्राम। |
| 14 | लेदीपुर नारायण, राजस्व थाना नं0–351 | | | 356 | | 0.075 | | असर्फी राय वो जेबरी देवी, नि० निज ग्राम। |

उपरोक्त विवरणी के कॉलम में अंकित रैयतों से अनुरोध है कि इस सूचना के प्रकाशन होने के तिथि से सात दिनों के अन्दर बिहार रैयती भूमि लीज नीति–2014 के प्रावधानान्तर्गत सतत लीज पर भूमि प्रदान करने एवं मुआवजा प्राप्त करने की सहमति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित किया जाय। यह सूचना हितबद्ध व्यक्ति के लिए जारी की जाती है जिनका इससे संबंध हो। अगर किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई दावा/आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अन्दर अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप से साक्ष्यों के साथ उप महाप्रबंधक (तक०), बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर(एट बख्तियारपुर) के कार्यालय में समर्पित करें।

उप महाप्रबंधक (तक०)
परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)

PR. No. 014056 (B&C ) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरुष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।